केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह का आयोजन

दिनांक 18 सितम्बर 2023 को केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परिषद गीत से की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, केन्द्रीय कटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट), लुधियाना का स्वागत संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. सुमन्त व्यास द्वारा किया गया। डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने कहा कि हिन्दी पूरे देश को एकता के रूप में पिरोने का सामर्थ्य रखने वाली भाषा है। हिन्दी प्रेम की भाषा है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. सुमन्त व्यास ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के उप निदेशक (राजभाषा) श्री नवीन कुमार यादव द्वारा स्वागत संबोधन किया गया तथा इस अवसर केन्द्रीय गृह मंत्री जी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्रीजी के संदेशों का पाठन किया। उप निदेशक (राजभाषा) ने बताया कि संस्थान में दिनांक 18 सितम्बर 2023 से 4 अक्टूबर 2023 तक आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत अंताक्षरी प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, कम्प्युटर पर यूनिकोड में हिन्दी टंकण प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, हिन्दी शोधपत्र प्रदर्शनी प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता व स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता सहित कुल आठ प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी।

संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) श्री सुरेश कुमार द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा दिलायी गयी। साथ ही संघ सरकार के राजभाषा संबंधी प्रावधानों के अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सुश्री सुनीता आर्य, लेखा नियंत्रक ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री नवीन कुमार यादव द्वारा दिया गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. अर्चना सान्याल द्वारा किया गया।